# Aaj Ka Rashifal: Daily Rashifal, Today's Rashifal, Aaj Ka Rashifal




### मेष राशि

आपकी ऊर्जा का स्तर ऊँचा रहेगा. आपको अपने अटके कामों को पूरा करने में इसका इस्तेमाल करना चाहिए. अचानक नए स्रोतों से धन मिलेगा, जो आपके दिन को ख़ुशनुमा बना देगा. तनाव का दौर बरक़रार रहेगा, लेकिन पारिवारिक सहयोग मदद देगा. रोमांस के लिए अच्छा दिन है. अगर आप व्यवसाय में किसी नये भागीदार को जोड़ने पर विचार कर रहे हैं, तो यह ज़रूरी होगा कि उससे कोई भी वादा करने से पहले आप सभी तथ्य अच्छी तरह जाँच लें. हितकारी ग्रह कई ऐसे कारण पैदा करेंगे, जिनकी वजह से आज आप ख़ुशी महसूस करेंगे. आज आपको शादी के लिए प्रपोजल मिल सकता है.पार्टनर की सेहत की चिंता रहेगी.आज आपको मानसिक शांति मिलेगी.अकेलेपन महसूस करेंगे.पार्टनर के साथ हुई अनबन से आज आपको राहत मिलेगी. आज जो लोग नया व्यवसाय में पैसा इन्वेस्टमेंट करना चाहते हैं वह लोग पैसों संबंधित कोई भी रिस्क ना लें छोटे छोटे कदम बढ़ाकर आगे बढ़ते रहें क्योंकि इस आप संकट में फंस सकते हैं. आज वर्तमान व्यवसायिक गतिविधियों का विस्तार करने के लिए आपके पास नए प्रस्ताव आएंगे पिछले कुछ समय से किए गए निवेश में आशातीत लाभ होगा सरकारी कार्यों में विजय हासिल होगी अगर आप स्टाफ आदि बदलना चाहते हैं तो यह समय बिल्कुल सही है. आज एचआर क्षेत्र से जुड़े लोग काम की जगह होने वाले बाद विवादों को मिटा ते समय अपने द्वारा बोली गई बातों का ध्यान रखें. परिवार में खुशी और मौज मस्ती का आलम रहेगा किसी बात पर जीवन साथी की नाराजगी झेलनी पड़ सकती है परंतु इसका असर पारिवारिक व्यवस्था पर नहीं पड़ेगा. आज आपका स्वास्थ्य उत्तम बना रहेगा आपकी व्यवस्थित दिनचर्या व खानपान वर्तमान वातावरण से आपको स्वस्थ रखेगा. **आज आपका भाग्यांक 3 होगा शुभ रंग लाल होगा आज आप ॐ हनु हनु हनुमते नमः इस मंत्र का जाप करें लाभकारी होगा**

### वृषभ राशि

आज आपके मन में बहुत सी सकारात्मक भावनाएं आयेंगी.अगर आप बेरोजगार है तो आज आपको रोजगार के सुनहरे अवसर प्राप्त होगें. इस राशि के विवाहित अधिक से अधिक समय जीवनसाथी को दें.रिश्तों में मधुरता बढेगी. आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा.छात्र आज किसी इंटरव्यू में लौंग के पांच दाने लेकर जायें सफलता जरूर

मिलेगी. लवमेट के लिए आज का दिन अनुकूल है. पाट्र्नर से मन की बात कह सकते हैं. बहते पानी में नारियल प्रवाहित करें मनोकामनायें पूरी हो जायेंगी. आज बनने वाले संबंध ज्यादा समय तक नहीं चलेंगे.पति-पत्नी के बीच तालमेल बना रहेगा.बिगड़े रिश्तों में मधुरता लाने के लिए आज बात करें. आज आपके नए रिश्ते बन सकते हैं.अपनी भावनाएं पार्टनर के साथ शेयर करेंगे. आज कुछ चुनौतियां सामने आएंगी लेकिन आप अपने मनोबल से परिस्थितियों का मुकाबला करने में सक्षम रहेंगे खर्चों में कटौती रखें अन्यथा आर्थिक समस्या आ सकती है नशे जैसी प्रवृत्ति से दूर रहें तथा वाहन सावधानी पूर्वक चलाएं. आज युवाओं को रोजगार संबंधी प्रयासों में सफलता मिलेगी इस समय अपनी महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने की दिशा में उठाए गए कदम सफल रहेंगे तथा आय के स्रोत भी बढ़ेंगे नौकरीपेशा लोग जिम्मेदारी व विश्वास के हर स्तर पर बहुत बढ़िया काम करेंगे. आज आपके आसपास के लोगों का सहयोग प्राप्त होने की वजह से काम से संबंधित कोई बड़ा निर्णय आज आप लेंगे. आज घर का माहौल खुशनुमा बना रहेगा बच्चों तथा परिवार के साथ मनोरंजन संबंधी प्रोग्राम भी बनेंगे रिश्तेदारों के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को भी निभाएंगे. आज मौसमी बीमारियों से परेशानी हो सकती है इस समय माता पिता अथवा घर के किसी वरिष्ठ व्यक्ति के स्वास्थ्य का भी ध्यान रखना बहुत जरूरी है. **आज आपका भाग्यांक 4 होगा शुभ रंग सिन्दूरी होगा आज आप हनुमान जी को चोला चढ़ाएं लाभकारी होगा**

**मिथुन राशि**

आज का दिन सामाजिक और व्यावसायिक क्षेत्र में आपके लिए लाभदायक साबित होगा.मौज-शौक के साधन, उत्तम आभूषण और वाहन की खरीदारी करेंगे.मौज-मस्ती और मनोरंजन की प्रवृत्तियों में समय व्यतीत होगा.इसके साथ ही विपरीत लिंगीय व्यक्ति के साथ रोमांचक मुलाकात से सुख अनुभव करेंगे.दांपत्य जीवन में प्रेम की अनुभूति होगी.भागीदारी में लाभ होगा.पर्यटन की भी संभावना है.वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें. कीमती वस्तुएं संभालकर रखें.लाभ के अवसर टलेंगे.व्यापार, रोजगार की चिंता रहेगी.आज आपकी सेहत अच्छी रहेगी, जिसके चलते आप सफलता की ओर तेजी से बढ़ेंगे. सोच-समझकर ही कोई निर्णय लें.आज आपको पार्टनर से रोमांस करने का मौका मिल सकता है.कोई भी बड़ा फैसला लेने से बचें.आज आप आपको नए दोस्त से प्रस्ताव मिल सकता है, जिससे आप उलझन महसूस करेंगे.पार्टनर की गलती को नजरअंदाज करें. पति-पत्नी के बीच शांति बनी रहेगी. आज आप नुकसान की भरपाई करने में सफल हो सकते हैं पैसों से संबंधित बातों में प्रगति नजर आएगी अकेले में ही समय बिताने की इच्छा आज आपकी तीव्र हो सकती है मित्र परिवार में से कुछ लोगों के साथ दूरियां बनाए रखना आपके लिए ठीक रहेगा. आज अधिकारी वर्ग से मैत्री लाभप्रद रहेगी सोचे हुए कार्य पूरा करने का यही उत्तम समय है इस समय अपनी पुरानी गलतियों से सीखकर बेहतरीन तरीके से अपने कार्यों को अंजाम देंगे आप में हर मुश्किल का सामना करने का सामर्थ्य भी रहेगा. आज विदेश से संबंधित काम में जरूरत से अधिक देर लग सकती है इसलिए घबराए नही. आज प्रेम प्रसंगों के मामले में आप भाग्यशाली रहेंगे घर का माहौल भी सुखद व खुशनुमा बना रहेगा रिश्तेदारों की भी घर में आवाजाही रहेगी. आज तनाव तथा अत्यधिक कार्य भार की वजह से स्वास्थ्य ढीला रह सकता है परंतु आप अपने आत्म बल द्वारा कार्यों को करने के प्रति पूर्ण रूप से सजग रहेंगे. **आज आपका भाग्यांक 1 होगा शुभ रंग ग्रे होगा आज आप पीपल वृक्ष में जल चढ़ाएं लाभकारी होगा**

**कर्क राशि**

आपको वे काम करने चाहिए, जो आपके स्वास्थ्य और सौन्दर्य में सुधार करने में मदद करें.भागीदारी वाले व्यवसायों और चालाकी भरी आर्थिक योजनाओं में निवेश न करें.रिश्तेदारों और दोस्तों से अचानक उपहार मिलेगा.आपके प्रिय के कड़वे शब्दों के कारण आपका मूड ख़राब हो सकता है.आने वाले समय में दफ़्तर में आपका आज का काम कई तरीक़े से असर दिखाएगा.आज के दिन आपकी योजनाओं में आख़िरी पल में बदलाव हो सकते हैं.जीवनसाथी की ओर से जानबूझ कर भावनात्मक चोट मिल सकती है, जिसके चलते आप

उदास हो सकते हैं. शाम को प्रेमी के साथ समय बिताएंगे.पार्टनर के साथ घूमने का प्लान बना सकते हैं।आज आपका मूड रोमांटिक रहेगा.पार्टनर की कोई बात आपको परेशान कर सकती है. आज कोई कार्य आपको अपनी इच्छा के विरुद्ध भी करना पड़ सकता है कुछ लोग आपका विरोध करेंगे तथा पीठ पीछे आपकी आलोचना भी हो सकती है बेहतर होगा कि इन बातों पर ध्यान ना रखे तथा अपने कार्यों के प्रति समर्पित रहें बेकार की अफवाह पर ध्यान ना दें अपनी आर्थिक स्थिति पर ही ध्यान दें. आज किसी भी व्यवसायिक कार्य में दिक्कत आने पर घर के वरिष्ठ व्यक्तियों की सलाह पर अवश्य ध्यान दें सरकारी कार्यों में लाभ प्राप्ति की संभावना अधिक बन रही है इस समय अपने टैक्स लोन आदि से संबंधित पेपर्स कंप्लीट रखें. आज काम से संबंधित डेड लाइन पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता होगी. आज पति पत्नी के संबंधों में मधुरता रहेगी प्रेम प्रसंगों में सफलता मिलेगी परंतु इन संबंधों की वजह से अपने कैरियर के प्रति लापरवाही ना करें. आज आपका स्वास्थ्य उत्तम रहेगा अपने व्यक्तित्व को और निखारने के लिए योगा व्यायाम डाइटिंग आदि कर सकते हैं. **आज आपका भाग्यांक 6 होगा शुभ रंग हल्का नीला होगा आज आप हनुमान चालीसा का पाठ करें लाभकारी होगा**

**सिंह राशि**

आज आप ऊर्जा से भरे रहेंगे जिससे आप वो सब कुछ हासिल कर सकते हैं जो आप चाहते हैं.आत्म विश्वास का आनंद लें.आप इस बात का जरूर ध्यान ना रखें कि दूसरे आप के बारे में क्या सोचते है.संचार से जुड़ी किसी नयी तकनीक से फायदा जरूर मिलेगा.माता या माता के समान किसी स्त्री का आर्शीवाद आपके लिए अच्छा रहेगा.आसपास और साथ के लोगों में आपकी अच्छी इमेज बनेगी.सेहत बिल्कुल ठीक रहेगी. आज के दिन शुरू हुई रिलेशनशिप सफल हो सकती है.प्रेमी से कोई उपहार मिल सकता है.आज पार्टनर आपको प्यार का इजहार कर सकता है.पार्टनर के साथ समय बिताएंगे.लव लाइफ में खुशी और तालमेल रहेगा.आज नए रिश्ते में व्यस्त रहेंगे. आज आप कोई बड़ा निवेश करने की योजना बनाएंगे तथा अपनी चतुराई और सूझबूझ से कार्यों को निपटा भी लेंगे किसी परम मित्र से मुलाकात सार्थक रहेगी आप हर परिस्थिति में खुश रहना सीखेंगे सामाजिक गतिविधियों तथा परिवार के साथ उचित समय व्यतीत होगा. आज कारोबारी गतिविधियां यथावत चलती रहेंगी तथा आत्म संतुष्टि रहेगी इस समय व्यापार में कोई नया अनुबंध या करार हो सकता है नौकरी में कोई महत्वपूर्ण अथॉरिटी मिलेगी साथ ही तरक्की के भी योग बने हुए हैं. युवाओं की आर्थिक आवक बढ़ने की वजह से आत्मविश्वास भी बढ़ेगा. आज घर तथा व्यवसाय में उचित सामंजस्य बनाकर रखेंगे तथा परिवार के साथ शॉपिंग आदि में भी खुशनुमा समय व्यतीत होगा. आज मौसम का नकारात्मक प्रभाव आपके स्वास्थ्य पर पड़ सकता है पेट संबंधी दिक्कत रहेगी अपने खान पान पर विशेष नियंत्रण रखें. **आज आपका भाग्यांक 8 होगा शुभ रंग नीला होगा आज आप शनि देव को कच्चा तेल चढ़ाएं लाभकारी होगा**

**कन्या राशि**

आज के दिन आप विचारों को गतिशीलता से दुविधा का अनुभव करेंगे.इस वजह से किसी भी निर्णय लेने में परेशानी होगी.किसी एक निर्णय पर नहीं आ सकेंगे.आज का दिन आपके लिए नौकरी-धंधे के क्षेत्र में स्पर्धा युक्त रहेगा और उससे बाहर आने की कोशिश करते रहेंगे.इसके बावजूद नए काम शुरू करने की प्रेरणा मिलेगी और कार्य आरंभ भी आप कर सकेंगे.व्यापार में लाभ होगा.छोटा या नजदीक का प्रयास होगा, लेखन कार्य के लिए अच्छा दिन है.आज बौद्धिक तथा तार्किक विचार विनिमय को अवकाश मिलेगा.नए कार्य शुरू करने के लिए निर्मित योजनाओं को अमल में लाने का आज उत्तम समय है. प्रेमी की सेहत का ख्याल रखें.पार्टनर की तरफ से आज आपको खूब प्यार मिल सकता है.बाहर घूमने का प्लान बन सकता है.प्रेमी के मन का ख्याल रखें.किसी बात को लेकर पार्टनर से झगड़ा हो सकता है लेकिन बाद में सब सही हो जाएगा. आज छोटी छोटी बातों को लेकर तनाव हावी हो सकता है अपनों से कड़वी बात सुनना मन को दुखी करेगा इस समय दूसरों की बातों में ध्यान देने की बजाय अपनी कार्य क्षमता पर ही विश्वास रखें बेहतर होगा कि ज्यादा मेलजोल करने की स्थिति से दूर रहें और अधिक धन व्यय न करें क्योंकि आय की कमी बनी हुई है. आज व्यवसायिक क्षेत्र में

आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी किसी नए कार्य की योजना बनाने में समय व्यतीत होगा और सफलता भी मिलेगी परंतु किसी भी प्रकार का कर्ज लेने से बचें नौकरी पेशा व्यक्ति काम के दबाव में रहेंगे अधिकारी वर्ग परेशान भी कर सकता है. आज काम से संबंधित महत्वपूर्ण बात के लिए आपके द्वारा दिया गया सुझाव सही साबित होगा. आज घर में सुख शांति व आपसी सामंजस्य का वातावरण रहेगा किसी से प्रेम या रोमांस शुरू हो सकता है और डेटिंग पर भी जाने के अवसर बनेंगे. आज आपका स्वास्थ्य ठीक रहेगा व्यर्थ की बातों में तनाव लेने से बचें बेहतर होगा कि फालतू की बातों पर ध्यान देने की बजाय अपने कार्य में व्यस्तता बनाकर रखें. **आज आपका भाग्यांक 2 होगा शुभ रंग ब्लू होगा आज आप सुन्दरकाण्ड का पाठ करें लाभकारी होगा**

**तुला राशि**

आपका बच्चों जैसा भोला स्वभाव फिर सतह पर आ जाएगा और आप शरारती मनोदशा में होंगे.पैसे कमाने के नए मौक़े मुनाफ़ा देंगे.आपका जीवनसाथी आपकी सहायता करेगा और मददगार साबित होगा.आपके प्यार को न सुनना पड़ सकता है.आपको पता लग सकता है कि आपके बॉस आपसे इतने रुखेपन से क्यों बात करते हैं.वजह जानकर आपको वाक़ई तसल्ली होगी.अगर आप यात्रा कर रहें है तो सभी ज़रूरी दस्तावेज़ साथ रखना न भूलें.मुमकिन है कि आपका जीवनसाथी आज आपके लिए पर्याप्त समय न निकाल पाए. आज पार्टनर के साथ लड़ाई-झगड़ा ना करें.तुला राशि वालों की दोस्ती प्यार में बदल सकती हैं.पार्टनर से आज सुख मिलेगा.पति-पत्नी के बीच रिश्ते सामान्य रहेंगे.आज पार्टनर की सेहत का ख्याल रखें. आज किसी प्रकार के असमंजस की स्थिति रह सकती है दूसरों की वजह से आप परेशानी में पड़ जाएंगे क्योंकि आपने अपनी जिम्मेदारी पर दूसरे लोगों को धन दिलवाया है किरायेदार मकान मालिक के बीच कुछ उलझन ही रहेगी आप खुद के अहम और जिद के कारण ही मुसीबत में फंस सकते हैं. आज व्यापार में परिस्थितियां आपके पक्ष में रहेंगी परंतु किसी कर्मचारी की वजह से वातावरण में कुछ तनाव आ सकता है प्रॉपर्टी से संबंधित व्यवसाय सफल रहेंगे साझेदारी संबंधी कार्यों में एक दूसरे के प्रति सहयोगात्मक रवैया अपनाएं. आज नए काम के लिए की हुई पार्टनरशिप के लिए लाभदायक रहेगी इससे आपका कैरियर और भी बेहतर बनेगा. आज आप ध्यान रखें कि माता पिता की भावनाओं को ठेस ना पहुंचे हालांकि आप घर की व्यवस्था उचित बनाकर रखने में सक्षम रहेंगे प्रेम संबंधों में भी भावनात्मक नजदीकियां बढ़ेंगी हर प्रकार की परिस्थिति में पार्टनर का पूरा साथ आपको प्राप्त होगा. आज आपका स्वास्थ्य ठीक रहेगा परंतु हल्की फुल्की चोट लगने जैसी स्थिति बन रही है वाहन की समय पर जांच करवाएं तथा सावधानी पूर्वक चलाना भी जरूरी है. **आज आपका भाग्यांक 1 होगा शुभ रंग गुलाबी होगा आज आप हनुमान जी को चोला चढ़ाएं लाभकारी होगा**

**वृश्चिक राशि**

आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है.ऑफिस में किसी जरूरी काम में सीनियर आपकी मदद करेंगे।काम आसानी से पूरा हो जायेगा.इस राशि के जो लोग संगीत से जुड़े हैं उनके लिये आज का दिन अच्छा है.अपनी प्रतिभा को निखारने के लिये आपको कई बड़े मौके मिलेंगे.जो छात्र विदेश में पढ़ाई करने के उत्सुक हैं आज उनकी ये इच्छा पूरी हो सकती है.परिवार में आज आपको कुछ नयी जिम्मेदारी मिल सकती है.स्वास्थ्य आज पहले से बेहतर रहने वाला है.जरूरतमंदो को कंबल दान करें, परिस्थितियां अनुकूल रहेंगी. ज आपसे ज्यादा उम्र का कोई व्यक्ति आपसे प्रभावित हो सकता है.आज शादी की बात घर ना करें.आज छोटी-छोटी बातों पर पार्टनर के साथ झगड़ा हो सकता है.पति-पत्नी के बीच सब ठीक रहेगा.पार्टनर के साथ मन मुटाव हो सकता है. आज आपके कुछ ऐसे आर्थिक स्रोत बन सकते हैं जिनके बारे में आपने कल्पना भी नहीं की होगी प्रभावशाली लोगों से मेल मुलाकात तथा विचारों का आदान प्रदान आपके व्यक्तित्व में निखार लाएगा अभिभावक तथा बच्चों के बीच उचित सामंजस्य बना रहेगा. आज व्यवसाय में साझेदारी संबंधी व्यवसाय में कुछ आपसी मतभेद हो सकते हैं नई संस्थाओं से जुड़ने का अवसर मिलेगा विशेष कर सरकारी कार्यों से संबंधित गतिविधियों में अच्छी सफलता मिलेगी आपका अपने व्यवसाय अथवा नौकरी पर गंभीरता से ध्यान देना आपको सफलता तथा

मान सम्मान प्रदान करेगा. आज काम की जगह लोगों के साथ बहस करने से परहेज रखें क्योंकि इससे आपको मानसिक तनाव बढ़ेगा. आज जीवनसाथी तथा परिवारिक सदस्यों का सहयोग आपके आत्म बल को और अधिक मजबूत करेगा और रिलेशनशिप में सकारात्मक बदलाव दिखने लगेगा. आज स्वास्थ्य की दृष्टि से समय ज्यादा अनुकूल नहीं है छोटी मोटी मौसमी परेशानियां हावी रहेंगी गैस की तकलीफ रात में हो सकती है जिसका असर आपकी कार्य क्षमता पर भी पड़ेगा. **आज आपका भाग्यांक 5 होगा शुभ रंग नेवी ब्लू होगा आज आप ॐ हनु हनु हनुमते नमः इस मंत्र का जाप करें लाभकारी होगा**

**धनु राशि**

आज आपको किसी बड़े काम को पूरा करने की जिम्मेदारी मिलेगी.किसी धार्मिक स्थान पर जाएँ या किसी संत से मिलें, इससे आपके मन को शांति और सुकून मिलेगा.आपका अधिकार बढ़ सकता है.दोस्तों और भाइयों की मदद से धन लाभ होगा.ऑफिस में बॉस का काम भी करना पड़ेगा.आपके लिए लोग कुछ न कुछ कहते रहेंगे, लेकिन आप सही रास्ते पर, ईमानदारी और मजबूती से आगे बढ़ें.आपको सफलता मिलेगी.जो भी नए मौके मिलते हैं, उनका फायदा उठाने के लिए तैयार रहें.आमतौर पर लोग आपकी बात सुनेंगे भी और मानेंगे भी.आज थोड़ा सहनशील होना पड़ेगा, क्रोध करने से बनते काम बिगड़ सकते हैं. लव लाइफ में ख़ुशी और तालमेल रहेगा.आज पार्टनरशिप में नयापन लाने का प्रयास करेंगे.इससे आपके संबंधों में ताजगी आएगी.वाद-विवाद से बचें.रिश्तों में तनाव ना आएं इसका ध्यान रखें.शांति बनाने की कोशिश करें इससे आपको पार्टनर से प्यार मिलेगा. आज आप सामाजिक तौर पर अपनी उत्तम पहचान बनाने के चक्कर में कुछ गलत निर्णय ले लेंगे जिसकी वजह से आपकी इमेज भी बिगड़ सकती है विद्यार्थियों तथा युवाओं को अपनी पढ़ाई और कैरियर के प्रति अतिरिक्त मेहनत करने की जरूरत है क्योंकि आप फिजूलखर्ची में धन व्यय कर रहे हो बाद में पश्चाताप होता है. मशीनरी से संबंधित व्यवसाय में सावधानीपूर्वक ही कोई निर्णय लें किंतु भविष्य की योजनाओं को लेकर की गई भागदौड़ लाभकारी साबित होगी व्यवसाय में नई योजनाओं पर अमल करने का उचित समय है वहीं नौकरी में काम का अतिरिक्त दबाव बना रहेगा. आज काम से संबंधित बातों में फायदा नजर आएगा लेकिन थोड़ी आर्थिक कठिनाइयों का सामना हो सकता है. आज परिवार में प्रेम और समर्पण की भावना रहेगी संतान आपकी आज्ञा में रहेगी तथा प्रेम संबंध मर्यादित तथा एक दूसरे के प्रति भावना प्रधान बने रहेंगे. आज पेट और छाती से संबंधित परेशानी हो सकती हैं इस समय अत्यधिक मसालेदार व तला भुना खाने से परहेज करें कुछ समय व्यायाम और वॉक में भी अवश्य व्यतीत करें. **आज आपका भाग्यांक 4 होगा शुभ रंग हल्का ग्रे होगा आज आप हनुमान जी को पीपल के पत्तों की माला अर्पित करें लाभकारी होगा**

**मकर राशि**

सेहत पर ग़ौर करने की ज़रूरत है.आज के दिन निवेश करने से बचना चाहिए.किसी पारिवारिक भेद का खुलना आपको चकित कर सकता है.एक-तरफ़ा इश्क़ के चक्कर में अपना वक़्त बर्बाद न करें.कामकाज के मामले में आज आपकी आवाज़ पूरी तरह सुनी जाएगी.भरपूर रचनात्मकता और उत्साह आपको एक और फ़ायदेमंद दिन की ओर ले जाएंगे.आपको अपने जीवनसाथी से जुड़ी कोई ऐसी बात पता चल सकती है, जिसे आप कभी नहीं जानना चाहते थे. पार्टनर से अपनी बात मनवाने की कोशिश ना करें.आप जितना सहज और सच्चे रहेंगे उतना ही लोग आपकी ओर आकर्षित होंगे.प्रेमी की आज कोई बात परेशान कर सकती है, जिससे आप निराश रहेंगे.आज अविवाहित लोगों को शादी का प्रपोजल मिल सकता है. आज आप अपरिचित लोगो से सावधान रहें आपका कोई आर्थिक नुकसान हो सकता है कुछ लोग आपका धन चुरा सकते हैं आप के बोलचाल के लहजे से किसी का मन दुखी हो सकता है इसलिए अपनी वाणी पर संयम रखें अपने आदर्शों व उसूलों से किसी भी प्रकार का समझौता ना करें. आज व्यवसाय में भविष्य संबंधी कुछ योजनाएं क्रियान्वित होंगी अभी किया गया परिश्रम आगे चलकर लाभ देगा तरक्की में आ रही बाधाएं दूर होंगी तथा आपकी पद प्रतिष्ठा में बढ़ोतरी होगी ऑफिस में किसी सहयोगी के साथ काम को लेकर मतभेद हो सकता है। आज युवाओं को करियर से संबंधित निर्णय

लेते समय अपने क्षेत्र के व्यक्ति के साथ चर्चा करने की आवश्यकता होगी। आज परिवार के प्रति आपका सहयोग घर के माहौल को खुशनुमा बनाकर रखेगा मेहमान नवाजी में भी सुखद समय व्यतीत होगा पुराने मित्रों से मुलाकात पुरानी यादें ताजा करवाएगी. आज आपका स्वास्थ्य ठीक रहेगा आपका आत्मविश्वास और आत्मबल भी उत्तम बना रहेगा. **आज आपका भाग्यांक 7 होगा शुभ रंग हल्का गुलाबी होगा आज आप सुन्दरकाण्ड का पाठ करें लाभकारी होगा.**

**कुंभ राशि**

आज आत्मविश्वास और उम्मीदों वाला दिन है.कुछ नए अनुभव की प्राप्ति होगी.अभी तक आपने जीवन के हर संभव क्षेत्र में जो भी करने की सोच रहे हैं थे आज वो पूरा हो जायेगा.बस आपको धैर्य बनाकर रखने की जरूरत है.कामकाज में आज नये तरीकोंको अपनाने की कोशिश करें फायदा जरूर मिलेगा.इस राशि के जो लोग अविवाहित हैं आज उन्हें सुयोग्य विवाह के प्रस्ताव मिलेंगे.आज किसी को उधार देने से बचें.लवमेट आज किसी अच्छे रेस्टोरेंट में डीनर के लिये जायेंगे. आज का दिन पति-पत्नी के लिए अच्छा रहेगा.जो लोग किसी को प्रपोज करने का मन बना रहे हैं उन्हें सफलता मिलेगी.कुंभ राशि के जातक किसी दोस्त की ओर आकर्षित होंगे.आज आपका मूड रोमांटिक रहेगा. आज पैतृक संपत्ति को लेकर भाइयों के साथ अनबन हो सकती है मन में तरह तरह की शंकाएं आएंगी तमाम समस्याओं से उबरने के लिए बहुत अधिक मेहनत करने की जरूरत है गलत लोग आपके लिए परेशानियां उत्पन्न करने का प्रयास करेंगे और आपको आर्थिक नुक्सान पहुंचाने की भी कोशिश करेंगे. आज व्यवसाय में कड़ी प्रतिस्पर्धा रहेगी परंतु आप अपनी मेहनत द्वारा सफलता हासिल करने में सक्षम भी रहेंगे सिर्फ अपने अंदर किसी भी प्रकार का भ्रम ना उत्पन्न होने दें टैक्स से जुड़े मामले परेशान कर सकते हैं इस समय शेयर मार्केट सट्टा आदि जैसे कार्यों में रुचि लेना नुकसान दायक रहेगा. आज उच्च शिक्षण के लिए प्रयत्न और बढ़ाने की आवश्यकता होगी क्योंकि अभी आपकी योग्यता बहुत कम है. आज पारिवारिक वातावरण खुशनुमा रहेगा तथा पति पत्नी के बीच भी भावनात्मक संबंध उचित बने रहेंगे प्यार रोमांस आदि में मन रोमांचित रहेगा. आज ज्यादा परिश्रम और तनाव लेने से इसका नकारात्मक असर स्वास्थ्य पर पड़ सकता है समय समय पर आराम लें तथा योगा और व्यायाम पर भी ध्यान दें. **आज आपका भाग्यांक 1 होगा शुभ रंग हल्का गुलाबी होगा आज आप शनि देव को तेल चढ़ाएं लाभकारी होगा**

**मीन राशि**

आपका आज का दिन शांति पूर्ण रहेगा.आज माता-पिता का सानिध्य मिलेगा.दिन चढ़ने पर वित्तीय तौर पर सुधार आएगा.बच्चे आपको घरेलू काम-काज निबटाने में मदद करेंगे.किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं.इच्छाशक्ति की कमी आपको भावनात्मक और मानसिक परेशानियों में फँसा सकती है.आय में व्यवधान एवं खर्चों में वृद्धि की स्थिति रहेगी.दूसरों के निजी मामलों में दखल न दें.आज काम का प्रेशर बहुत ज्यादा रहेगा, इसके बाद भी आप अपनी सूझ-बूझ से बिना तनाव के काम करेंगे.आज संपत्ति संबंधी कार्य बनेंगे, कार्यक्षेत्र में अनुभवी जन सहयोग देंगे. नई संभावना पर गंभीरता से विचार करें.काम के सिलसिले में आप बाहर जा सकते हैं.प्रेमी की सेहत को लेकर चिंता करेंगे.अविवाहित लोगों की शादी की बात चल सकती है.पति-पत्नि के बीच मन-मुटाव हो सकता है. आज धन से संबंधित बात को लेकर मायूसी रह सकती है क्योंकि बहुत सारा धन उलझन में फंस कर खर्च हो चुका है आज आप अपने लक्ष्य से भी भटक सकते हैं इसमें अपने मन को वश में रखें तथा लोगों की परवाह ना करते हुए स्वयं पर ध्यान दें जमीन जायदाद से जुड़े कामों को आज स्थगित ही रखें. आज व्यवसाय तथा कारोबार में कुछ ठोस और महत्वपूर्ण निर्णय सार्थक रहेंगे परिवार से भी सहयोग मिलेगा और आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा पारिवारिक बदलाव की संभावनाएं प्रबल होगी नौकरी में पदोन्नति अथवा वेतन वृद्धि की संभावना है. आज काम से संबंधित बातों में धीरे धीरे प्रगति नजर आएगी इसलिए संयम रखने की आवश्यकता होगी. आज पति पत्नी के बीच किसी बात को लेकर मतभेद की आशंका है कन्या संतति को लेकर चिंता रह सकती है इस समय बच्चों का उचित मार्गदर्शन करना जरूरी है. आज

किसी समय मानसिक और शारीरिक रूप से अस्वस्थ महसूस करेंगे सकारात्मक प्रवृत्ति के लोगों के साथ कुछ समय अवश्य व्यतीत करें तथा प्रकृति के सानिध्य में रहने से आपको मानसिक सुकून मिलेगा. **आज आपका भाग्यांक 3 होगा शुभ रंग हल्का नीला होगा आज आप हनुमान जी को चोला चढ़ाएं लाभकारी होगा**

**India's Famous Astrologers, Tarot Readers, Numerologists on a Single Platform. Call Us Now.**

**Call Certified Astrologers instantly on Dial199 - India's #1 Talk to Astrologer Platform. Expert Live Astrologers. 100% Genuine Results.**

**Read On Website**

# Other Blogs




July Masik Rashifal- Monthly Horoscope




Tula Rashi Rashifal | June 2021 | तुला राशि मासिक राशिफल जून 2021 | Libra Monthly horoscope June




कन्या मासिक राशिफल अगस्त 2022 हिंदी में | Virgo Monthly Horoscope August 2022 in Hindi




Horoscope Today 02 August 2021: सोमवार को बन रहा है क्या खास योग, किन राशियों को होगा लाभ




धनु मासिक राशिफल अगस्त 2022 हिंदी में | Sagittarius Monthly Horoscope August 2022 in Hindi




Aaj Ka Panchang 17 दिसंबर 2022 का पंचांग: 17 December 2022 ka Panchang, शुभ मुहूर्त और राहुकाल का समय, Best Muhurat




Aaj Ka Panchang 18 अक्टूबर 2022 का पंचांग: 18 October 2022 ka Panchang, शुभ मुहूर्त और राहुकाल का समय, Best Muhurat




Aaj Ka Panchang 22 जून 2025 का पंचांग: 22 June 2025 ka Panchang, शुभ मुहूर्त और राहुकाल का समय, Best Muhurat




Kark Rashi Rashifal June 2021 | कर्क राशि मासिक राशिफल जून 2021 | Cancer Monthly horoscope June 2021




**Aaj Ka Panchang 11 अगस्त 2024 का पंचांग: 11 August 2024 ka Panchang, शुभ मुहूर्त और राहुकाल का समय, Best Muhurat**




**29 January 2021 Aaj Ka Rashifal आज का राशिफल | Daily Rashifal | By Acharya V Shastri**




**Aaj Ka Panchang 28 अप्रैल 2022 का पंचांग: 28 April 2022 ka Panchang, शुभ मुहूर्त और राहुकाल का समय**